हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 35.2 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री

4

सड़क हादसे में मौत को लेकर चिंता 3 सप्ताह तक होगी सरप्राइज चेकिंग



## खबर संक्षेप

### लोक अदालत को लेकर बैंक अधिकारियों के साथ बैठक

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 9 मई 2026 दिन शनिवार को जिला एवं तालुका स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसके संबंध में श्वेता बघेल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर की अध्यक्षता में बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया एवं लंबित बैंक वसूली प्रकरणों को अधिक से अधिक निराकरण हेतु आपसी समन्वय पर चर्चा की गई। सचिव सुश्री बघेल ने निर्देशित किया गया कि, बैंक से संबंधित प्रकरणों को लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रस्तुत किया जाए, जिससे पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। साथ ही आपसी सहमति के आधार पर विवादों के समाधान पर विशेष बल दिया गया। बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने अपने स्तर पर संबंधित पक्षकारों को लोक अदालत में उपस्थित होने हेतु सूचित करने एवं नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करने हेतु भी कहा गया।

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि, परिजनों को सहायता राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। बागबहार तहसील अंतर्गत ग्राम राजाआमा निवासी स्व जगदेव सिदार की बांध के पानी में डूबने से 1 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो गई थी। मृतक की पत्नी हीरा बाई के लिए 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई। इसी प्रकार दुलदुला तहसील अंतर्गत ग्राम कोरना निवासी स्व संदीप एक्का की डबरी में डूबने से 24 मार्च 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके माता विकटोरिया एक्का हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### मयंक बने असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष



**जशपुरनगर।** अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस की जशपुर जिला इकाई में मयंक शर्मा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के उच्च नेतृत्व द्वारा मयंक शर्मा को जशपुर जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मयंक शर्मा लंबे समय से पार्टी के प्रति समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। वे रामपुकार सिंह के अत्यंत करीबी सहयोगियों में से एक हैं। वर्ष 2015 से निरंतर पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाते हुए उन्होंने पार्टी द्वारा सौंपी गई हर जिम्मेदारी को ईमानदारी, निष्ठा और पूर्ण समर्पण के साथ पूरा किया है। मयंक शर्मा ने 2018 से 2023 तक युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में उत्कृष्ट कार्य किया। जिम्मेदारी मिलने के बाद मयंक शर्मा ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल, एआईसीसी जीएस एवं पूर्व सीएम भूपेश बघेल, केकेसी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, केकेसी प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक बोरकर का धन्यवाद किया एवं अपने दायित्व को जिम्मेदारीपूर्वक निभाने की बात कही।

### बाप-बेटों ने दूसरे पक्ष पर बोला जानलेवा हमला, 3 गिरफ्तार

# शासकीय जमीन विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बगीचा थाना क्षेत्र के पंडरा पाठ चौकी अंतर्गत ग्राम अम्बाडीपा में सोमवार को शासकीय काबिज जमीन के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी, डंडे और लोहे के सब्बल से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता और उसके दो बेटों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता जवाहर यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके परिवार द्वारा पूर्वजों के समय से घर के पास स्थित शासकीय काबिज जमीन का उपयोग खलिहान और गोठान के रूप में किया जाता रहा है। इसी जमीन को लेकर गांव के मदन यादव, ठाकुर दयाल यादव और सत्यपाल यादव लगातार अपना बताते हुए विवाद करते रहे हैं। बताया गया कि, 20 अप्रैल की सुबह करीब 9.30 बजे शिकायतकर्ता पक्ष की भतीजी प्रतिभा, भतीजा मिथलेश, बेटी मंजू यादव, बेटा संदीप यादव समेत अन्य परिवारजन खलिहान में पैरा लेने पहुंचे थे। उसी समय आरोपी पक्ष भी वहां मौजूद था। आरोप है कि जमीन को अपनी बताते हुए पहले गाली-गलौज की गई, फिर जान से मारने की धमकी देकर अचानक हमला कर दिया गया। आरोपियों ने लाठी, डंडे और लोहे के सब्बल से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे बिहारी यादव, सुमित्रा यादव और जयंती यादव घायल हो गए। घायलों के सिर, माथे और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।



**कानून हाथ में लेने वालों को नहीं बख्शेंगे- एसएसपी**

एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह ने कहा कि, जमीन विवाद में मारपीट कर कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस सतत निगरानी कर रही है। मामले की जांच जारी है।

**सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस**

घटना की जानकारी मिलते ही पंडरा पाठ चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल बगीचा पहुंचाया और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(2), 115(2), 191(3) और 109 के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी मदन यादव उम्र 61 वर्ष, ठाकुर दयाल यादव उम्र 36 वर्ष और सत्यपाल यादव उम्र 32 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पर्याप्त साक्ष्य मिलने और अपराध स्वीकार करने के बाद तीनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। घटना में प्रयुक्त लकड़ी, डंडे और लोहे का सब्बल पुलिस ने जब्त कर लिया।



# शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पाद बिक्री पर सख्ती

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले में विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखने तथा शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम कोटपा, 2003 की धारा 6(बी) के तहत सख्त प्रवर्तन हेतु व्यापक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

- 5 दुकानों, ठेलों पर कोटपा एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जशपुर के मार्गदर्शन एवं तहसीलदार जशपुर के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस, नगरपालिका, स्वास्थ्य तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन के संयुक्त दल ने स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय जशपुर के 100 गज के दायरे में व्यापक निरीक्षण किया गया। इस दौरान आसपास की दुकानों एवं अस्थायी ठेलों का भी भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि 5 दुकानों एवं ठेलों द्वारा अधिनियम की धारा 6(बी) का उल्लंघन करते हुए तंबाकू उत्पादों की बिक्री की जा रही थी। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तंबाकू उत्पादों को जब्त किया तथा संबंधित विक्रेताओं को बिक्री बंद करने ⏭ शेष पेज 4 पर

# दिव्यांगजन प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी शिविर का आयोजन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव में 22 अप्रैल को दिव्यांगजन प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में कुल 383 दिव्यांगजनों ने भाग लेकर विभिन्न सेवाओं का लाभ प्राप्त किया, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं से जुड़ने में बड़ी सुविधा मिली।



शिविर के दौरान दिव्यांगजनों का प्रमाणन कर 168 हितग्राहियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी किए गए। इसके साथ ही पेंशन योजनाओं, दिव्यांग ऋण एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन भी प्राप्त किए गए। लगभग 98 दिव्यांगजनों ने पेंशन एवं ऋण योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ लेने की प्रक्रिया शुरू की। समाज कल्याण विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि, जो दिव्यांग इस शिविर में शामिल नहीं हो सके, वे प्रत्येक मंगलवार को जिला अस्पताल जशपुर के कक्ष क्रमांक 11 में उपस्थित होकर अपना प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड बनवा सकते हैं। यह शिविर दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ है। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में सहायक उपकरणों का भी वितरण किया गया। ग्राम बागबहार निवासी रामप्रसाद भगत एवं ग्राम बुलडेगा निवासी राजेन्द्र प्रसाद चौहान को मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल प्रदान की गई, जिससे उनकी दैनिक गतिविधियों में सुगमता आएगी।

# हाईकोर्ट ने प्रदेश के शिक्षकों के हित में सुनाया फैसला

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ के शिक्षकों के लिए एक अहम और राहत भरी खबर सामने आई है। पूर्व सेवा गणना को लेकर लंबे समय से चल रही कानूनी लड़ाई में हाईकोर्ट ने एलबी शिक्षकों के पक्ष में बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने राज्य सरकार की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें सिंगल बेंच के आदेश को चुनौती दी गई थी। यह पूरा मामला चिरमिरी नगर निगम में 1998 से शिक्षा कर्मी के रूप में पदस्थ शिक्षक राजेंद्र प्रसाद पटेल से जुड़ा है।



उन्होंने अपने वकील संजीव वर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर संविलियन निर्देश 01 की कंडिका 04 व 06 को चैलेंज करते हुए यह मांग की थी कि, उनकी पूर्व सेवा को पुरानी पेंशन योजना की पात्रता में शामिल किया जाए। याचिका में कहा गया था कि संविलियन के बाद भी उनकी पूर्व सेवा को पेंशन गणना में नहीं जोड़ा जा रहा है, जो उनके साथ अन्याय है। इस मामले में पहले हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि, वह पूर्व सेवा को पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने पर विचार करे। इसके लिए सरकार को 120 दिनों का समय भी दिया गया था। हालांकि, इस निर्देश पर अमल करने के बजाय राज्य सरकार ने सिंगल बेंच के फैसले को चुनौती देते हुए डबल बेंच में अपील दायर कर दी। गुरुवार 23 अप्रैल को डिवीजन बेंच में हुई सुनवाई के दौरान याचिका कर्ता के वकील संजीव वर्मा तथा शिक्षक राजेंद्र प्रसाद पटेल भी पक्षकार के रूप में शामिल रहे। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली पीठ में हुई, जहां राज्य सरकार ने अपने पक्ष में संविलियन की शर्तों का हवाला दिया। सरकार का तर्क था कि, संविलियन के समय जो शर्तें तय की गई थीं, उसी के आधार पर पेंशन का निर्धारण किया जाना चाहिए। सरकार का तर्क था कि शिक्षाकर्मी 30 जून 2018 तक शासकीय कर्मचारी नहीं थे, इसलिए उस अवधि की सेवा पेंशन योग्य नहीं मानी जा सकती। शिक्षा विभाग के आदेश 16 फरवरी 2021 में शासन द्वारा पूर्व में स्पष्ट कर चुका है, साथ ही वित्त सचिव ने भी अपने हलफनामा में साफ कहा है कि, 2012 में एनपीएस क्यों लिए 10 वर्ष बाद ओपीएस लागू करने की मांग कर रहे हैं, इसलिए यह देरी का मामला के कारण भी खारिज करने योग्य है। तब चीफ जस्टिस ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, वित्त सचिव भगवान हैं क्या, इतनी बड़ी संख्या में प्रभावित लोग बिना पेंशन सेवानिवृत्त हो रहे हैं, और आप लोग सभी को कोर्ट में खड़ा कर दे रहे हैं। याचिकाकर्ता के वकील संजीव वर्मा ने कोर्ट को बताया कि, हमने कंडिका 04 और 06 को चैलेंज किया है एक तरफ तो ये 8 वर्ष की पूर्व सेवा जोड़कर संविलियन कर रहे हैं, पूर्व सेवा को मान्यता दे रहे हैं वहीं दूसरी तरफ पेंशन के लिए पूर्व सेवा की गड़ना नहीं कर रहे हैं। इतना सुनते ही कोर्ट ने रिट अपील खारिज कर दी। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला जशपुर जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता ने इस ऐतिहासिक फैसले पर कहा कि, यह सिर्फ एक शिक्षक की जीत नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के समस्त एलबी संवर्ग शिक्षकों के वर्षों पुराने संघर्ष, धैर्य और न्याय की लड़ाई की बड़ी विजय है। हाईकोर्ट द्वारा राज्य सरकार की अपील खारिज किया जाना यह साबित करता है कि, शिक्षकों की पूर्व सेवा की गणना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अजय कुमार गुप्ता ने इस लड़ाई को मजबूती से लड़ने वाले याचिकाकर्ता राजेंद्र प्रसाद पटेल, अधिवक्ता संजीव वर्मा तथा सभी सहयोगी साथियों को बधाई देते हुए कहा कि, यह फैसला आने वाले समय में पूरे शिक्षक समुदाय के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

# जिला युकां ने जारी की नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची

**जशपुरनगर।** प्रदेश भर मे युवा कांग्रेस संगठनात्मक नव नियुक्ति कर के युवा कांग्रेस मे नई धार लाने मे प्रयासरत हैं। इसी क्रम में प्रदेश महासचिव तथा जशपुर जिला प्रभारी विष्णु सिह देव के अनुमोदन उपरांत जिला अध्यक्ष जशपुर संजय पाठक तथा अजीत साय ने अपने टीम की सूची जारी की, जिसमें पूराने कर्मठ तथा संघर्षशील लोगों के साथ साथ नए लोगों को भी मौका दिया गया।

युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष के पद पर अमर कुमार सोनी, सोमल तिर्की, आफताब खान, विवेक खाखा, भागीरथी राम तथा जिला महासचिव के पद पर रिजवी अंसारी, रोहित भगत, रंजीत यादव, सहदेव सिदार, अजय राजपूत, राधेश्याम गुप्ता, जयप्रकाश तिर्की, गुलशन पैकरा, प्रताप सिंह, मनोज यादव, मनीष यादव, मयंक रोहिल्ला, लोकेश यादव, दशरथ साय पैकरा, विकास यादव, फैजान आलम, आर्यन गुप्ता एवं जिला सचिव पद पर रमिज खान, नेत्राराम पैकरा, अर्जुन सोनी, उमेश टोप्पो, गणिता सोनी, शशिकांत प्रसाद, हेनरी तिर्की, ज्वलित खेस, समीर कुजूर, मुकेश लाकड़ा मनीष भगत, सनी गुप्ता, साजिद इमाम, अजीत यादव, पंकज सामल, दीपक एक्का, को जिम्मेदारी दी गई है। सडक पर उतर कर जनहित के मुद्दे उठाएंगे- इससे पहले भी अमर कुमार सोनी युवा कांग्रेस मे सक्रिय रहे हैं, वे लगातार युवा कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने का काम करते आए हैं।

# कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता देश के सामने उजागर: रायमुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित होने से रोकना कांग्रेस सहित पूरे विपक्षी दलों के महिला विरोधी चेहरे को उजागर करता है।

- महिला आरक्षण बिल को लेकर में विपक्ष पर भड़की भाजपा

भविष्य में इन दलों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। उक्त बातें जशपुर की विधायक रायमुनि भगत ने जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होनें कहा कि, प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी सहित एनडीए देश की आधी आबादी को विजन 2047 में भागीदार बनाने के लिए यह संशोधन विधेयक लेकर आई थी। जिस प्रकार कांग्रेस ने धारा 370, तीन तलाक और आपरेशन सिंदूर का विरोध किया था, उसी प्रकार का रवैया अपनाते हुए संशोधन विधेयक को लोकसभा में गिरा दिया।




**पूरे देश में महिलाओं की तीखी प्रतिक्रिया**

विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि, विधेयक के गिरने के बाद पूरे देश में महिलाओं की तीखी प्रतिक्रिया सामने आने के बाद स्वयं को बचाने के लिए इस तरह के अनर्गल आरोप लगा रही है। सच्चाई यह है कि, महिला आरक्षण बिल 2023 में ही पारित हो चुका है। इसे लागू करने के लिए भाजपा यह संशोधन बिल लेकर आई थी। पत्रकारवार्ता में वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश नंदे, मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी,जिला मंत्री संतोष सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनीता पैंकरा, विनोद निकुंज, जयप्रकाश रवानी, कुंती यादव, सरस्वती भगत, अंजला खेस, कांति राजवाड़े, फैजान सरवर खान उपस्थित थे।

# युवक ने कार्यालय में घुसकर की पटवारी से गाली-गलौज, मारपीट

**अम्बिकापुर/दरिमा।** आरआई से फोन पर बात कराने से मना करने पर एक युवक ने कार्यालय में काम कर रहे पटवारी के साथ गाली-गलौज करने के साथ ही लात, घुसे एवं डंडे से पटवारी व उसके ऑपरेटर के साथ जमकर मारपीट की। घटना की जानकारी मिलने पर पटवारी संघ के पदाधिकारी दरिमा थाना पहुंचे एवं आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई।

पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्राम सोहगा निवासी जितेन्द्र कुजूर जमीन दलाली का काम करता है। बुधवार को हल्का पटवारी प्रकाश मंडल ग्राम कंठी में मुख्य मार्ग के किनारे स्थित अपने कार्यालय में काम कर रहे थे। इस दौरान अपाह्न 3.30 बजे ग्राम सोहगा निवासी जितेन्द्र कुजूर पटवारी कार्यालय पहुंचा एवं पटवारी से महिला आरआई का मोबाइल नंबर मांगा। पटवारी ने आरआई का का मोबाइल नंबर कार्यालय के सामने की दीवार पर अंकित होने की जानकारी दी। जितेंद्र कुजूर ने पटवारी प्रकाश मंडल से अपने फोन से आरआई का नंबर लगाकर बात कराने को कहा तो पटवारी ने खुद के मोबाइल से आरआई का नंबर डायल करने एवं बात नहीं होने पर अपने मोबाइल से बात कराने की बात कही। पटवारी द्वारा खुद के मोबाइल से आरआई से बात करने की बात पर नाराज होकर जितेंद्र पटवारी के साथ गाली-गलौज करने लगा तथा लात, मुक्के एवं डंडे से पटवारी व ऑपरेटर की जमकर पिटाई कर दी।

### विनोबा ऐप से मिल रहा नवाचारी शिक्षा को बढ़ावा

# 'पोस्ट ऑफ द मंथ से सम्मानित हुए शिक्षक

**जशपुरनगर।** जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने हेतु जिला कलेक्टर रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में ओपन लिंक्स फाउंडेशन द्वारा विनोबा ऐप के माध्यम से नवाचारी शैक्षणिक गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सिन्हा के दिशा-निर्देश एवं यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के समन्वय से संचालित किया जा रहा है।



इसी क्रम में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य एवं नवाचार के लिए पोस्ट ऑफ द मंथ, स्पर्धा विजेता और लीडरबोर्ड के अनुसार संकुल समन्वयक को जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सिन्हा द्वारा प्रमाण पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि यह सम्मान केवल अपने तक ही सीमित न रखकर अन्य शिक्षकों को भी प्रेरित करे। विनोबा ऐप शिक्षकों के लिए सीखने, नवाचार साझा करने और प्रेरणा प्राप्त करने का एक प्रभावी मंच है, जो शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। ओपन लिंक्स फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर अजहर शेख ने बताया कि, विनोबा ऐप के अंतर्गत 'बोलेगा बचपन' एक विशेष क्लब है, जिसके माध्यम से शासकीय विद्यालयों में कविता पाठ, कहानी वाचन एवं बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने हेतु गतिविधियां संचालित की जाती हैं। इस क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाता है।

**उद्देश्य शैक्षणिक गतिविधियों का दस्तावेजीकरण**

विनोबा के प्रोजेक्ट ऑफिसर सोमनाथ साहू ने जानकारी दी कि, यह एप जिले के शिक्षकों द्वारा किए जा रहे नवाचारों को साझा करने, आपसी सीख को बढ़ावा देने तथा शैक्षणिक गतिविधियों के दस्तावेजीकरण हेतु विकसित किया गया है। उल्लेखनीय है कि, विनोबा भावे टीम जिले में एफएलएन, जवाहर नवोदय, जेईई एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग के साथ-साथ दैनिक उपस्थिति डाटा संग्रहण का कार्य भी यशस्वी जशपुर के समन्वय से कर रही है।

**इन्हें मिला पोस्ट ऑफ मंथ के विजेता का पुरस्कार**

कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय पोस्ट ऑफ मंथ विजेता शिक्षकों मे सेजेस बगीचा से शिल्पा पाण्डेय, माध्यमिक शाला रेंगोला से सलोमी केरकेट्टा, प्राथमिक शाला अंकिराकोना से सरस्वती सिदार, प्राथमिक शाला पहाड़ी कोरवा संयुक्त आश्रम जशपुर से अपर्णा चौबे, प्राथमिक शाला कारुमहुआ से अपोलिना केरकेट्टा, स्पर्धा विजेता मे माध्यमिक शाला खारीजरिया से श्रीमती ममता कायता, प्राथमिक शाला सुजीबहार से शारदा पैंकरा, संकुल गीधा से संकुल समन्वयक रामलखन यादव और संकुल नारायणपुर से संकुल समन्वयक अनूप रजक शामिल रहे।

# टायर गोदाम में लगी आग, कोई जनहानि नहीं



**जशपुरनगर।** सिंगीबहार स्थित एक टायर गोदाम में अचानक आग लगने की सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन ने त्वरित सार्थक पहल करते हुए आस पास के घर और पोल्ट्री फार्म को सुरक्षित बचा लिया। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर प्रशासन तत्काल हरकत में आया।

नगर पंचायत कुनकुरी की अग्निशामक टीम को मौके पर भेजकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यदि समय रहते एक्शन नहीं लिया जाता तो आग आसपास के घरों और अन्य संपत्तियों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। मौके पर प्रभारी एसडीएम फरसाबहार नंदजी पांडे और तपकरा तहसीलदार सुशील सेन तत्काल पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। अधिकारियों की मौजूदगी में फायर टीम ने लगातार प्रयास कर स्थिति को नियंत्रण में लिया। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि प्रशासन की सजगता और त्वरित कार्रवाई से बड़े हादसों को टाला जा सकता है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम के कार्य की सराहना की है।

## खबर संक्षेप

### अक्षय तृतीया पर जिले में रोके गए 10 बाल विवाह

**सूरजपुर।** बाल विवाह मुक्त सूरजपुर की दिशा में जिला प्रशासन ने अक्षय तृतीया के मुहूर्त पर बड़ी सफलता हासिल की। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर जिले में प्रशासनिक अमले का उड़नदस्ता दल अक्षय तृतीया पर होने वाले विवाहों पर सतत नजर बनाए हुए था, जिसके परिणामस्वरूप जिले में कुल 10 बाल विवाह समय रहते रोके गए। जिले के समस्त विकासखण्डों में उड़नदस्ता दल गठित किए थे। अक्षय तृतीया के अवसर पर विवाहों की संघन जांच के दौरान 10 स्थानों पर बाल विवाह होते पाए जाने पर परिजन को समझाइश दी गई तथा विवाह रोकवाए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल इस दौरान सभी से संवाद कर यह सुनिश्चित करते रहे कि जिले में कहीं भी बाल विवाह न हो। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल समस्त उड़नदस्ता दलों, परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड लाइन की टीम के साथ सक्रिय रहकर कार्रवाई का मार्गदर्शन करते रहे। अक्षय तृतीया के अवसर पर मात्र चार दिनों के भीतर विकासखण्ड रामानुजनगर से 2 बाल विवाह, विकासखंड भैयाथान से 4 बाल विवाह, विकासखंड प्रतापपुर से 2 बाल विवाह तथा विकासखंड ओडगी के बिहारपुर से 2 बाल विवाह रोके गए। रोके गए बाल विवाहों में 17 वर्षीय बालक एवं 14 वर्षीय बालिका भी शामिल हैं। बाल विवाह रोकने की इस संयुक्त कार्रवाई में तहसीलदार गनहरण सिंह राठिया, अनुराधा आर्या, अखिलेश सिंह, अमित कुमार भारिया, अंजनी साहू, आरती राजवाड़े, जनार्दन यादव, प्रकाश राजवाड़े, दिनेश यादव, यशोदा गुप्ता, शीता सिंह, श्रीमती रत्यवती दास, श्रीमती गंगोत्री मानिकपुरी, श्रीमती सर्वधा कुर्रे, श्रीमती शीला वर्मा, श्रीमती राधा कंवर, श्रीमती प्रभा, श्रीमती तारा पटेल, हीरालाल साहू, आरपी साहू, छेत्रपाल सिंह, अनिल कुजुर, प्रेम सिंह, भुनेश्वर सिंह, मनोज जायसवाल, करथुला मिंज, अश्विन कुजूर, विजयी सिंह मरकाम, राम प्रसाद शांडिल्य, रामशंकर पौरे सहित सरपंच, सचिव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

### आईटीआई कर्मचारी संघ के सोनी संभागीय अध्यक्ष निर्वाचित

**अम्बिकापुर।** आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ का निर्वाचन शासकीय आईटीआई में शांतिपूर्ण हुआ। संभाग अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नामांकन प्राप्त होने पर राजेश सोनी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। इस दौरान संभाग के विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्षों का भी निर्वाचन किया गया जिसमें सभी प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। घोषित जिलाध्यक्षों में सरगुजा से श्रीमती बिंदेश्वरी सिंह, सूरजपुर से देव सिंह, एमसीबी से मनोज शुक्ला, जशपुर से आशीष पन्ना, कोरिया से आशुतोष शर्मा तथा बलरामपुर सेभूपेंद्र साहू शामिल हैं। संभागीय कार्यकारिणी में पदाधिकारियों का चयन किया गया। महिला प्रकोष्ठ की संभाग अध्यक्ष श्रीमती नीरा वर्मा, उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिदार एवं संतोष दुबे, सचिव ओमप्रकाश बघेल, कोषाध्यक्ष नीरज राठौर, संगठन सचिव अजय जांगड़े एवं श्रीमती समर अंसारी, प्रचार सचिव बजरंग बहादुर उइके, संयुक्त सचिव शब्बीर आलम तथा उप कोषाध्यक्ष श्रीमती संतोष त्रिपाठी निर्वाचित हुके। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन निर्वाचन अधिकारी आनंद सिंह यादव एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी भोज केसरवानी ने किया गया।

### संभागीय महिला डेंटल कौंसिल का गठन, डॉ नीतू बनी चेयरमैन



**अम्बिकापुर।** ऑल इंडिया डेंटल कौंसिल की संभागीय महिला विंग की बैठक का आयोजन स्थानीय सरगवां पैलेस रिसोर्ट में आयोजित किया गया जिसमें संभाग की महिला डेंटिस्ट डॉक्टर ने सहभागिता की। विभिन्न क्षेत्र से आई महिला डेंटिस्ट डॉक्टर ने अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराया और समस्याओं के निराकरण हेतु एकजुट के साथ मजबूत पहल पर जोर दिया। बैठक के दौरान पूर्व चेयरमैन डॉ. भावना परिडा एवं डेंटल सर्जन डॉ. लवली नैनन,डॉ. नीलम कुमार, डॉ. तूलिका सिंह के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी हेतु सक्रिय डेंटल सर्जन डॉक्टर नीतू सिंह के नाम चेयरमैन पद हेतु सर्वसम्मति से पारित किया गया।

## पांच दिन से पानी टंकी सुखी, घरों में पानी सप्लाई ठप


# भीषण गर्मी के बीच नपं प्रतापपुर के वार्ड क्रमांक 7 में पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**
- बूंद-बूंद पानी के लिए तरस लोग

जल ही जीवन है यह स्लोगन प्रायः हर जगह लिखे देखे जा सकते है परंतु स्लोगन का अर्थ लोगों को तब समझ में आता है जब पानी की किल्लत महसूस होती है। वैसे तो भीषण गर्मी पड़ने से जल स्तर लगातार कम हो रहा है और पानी के स्त्रोत तालाब, नदी व बांध में पहले की अपेक्षा जल्द ही सूखने लगी है। ऐसे में प्रशासन द्वारा लोगों को पेयजल की समस्या न हो इसे लेकर विभिन्न योजना के तहत पेयजल सप्लाई की जा रही है। प्रतापपुर नगर पंचायत के वार्डो में भी पानी टंकी के माध्यम से लोगों के घरों में पानी पहुंचाई जाती है। लेकिन वार्ड क्रमांक 7 के वार्ड वासी इन दिनों पेयजल की समस्या से जूझ रहे है। पिछले पांच दिनों से घरों में पानी सप्लाई ठंप है जिसे लेकर लोगों में काफी आक्रोश है।

इस भीषण गर्मी के बीच नगर पंचायत प्रतापपुर के वार्ड नंबर 7 में पेयजल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। पिछले पांच दिनों से वार्डवासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर छत्तीसगढ़ शासन घर-घर नल-जल योजना के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के दावे कर रहा है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। वार्ड नंबर 7 के लोग आज भी पानी जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है। मजबूरी में उन्हें दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। गर्मी के इस मौसम में यह स्थिति और भी गंभीर हो गई है, जहां तापमान लगातार बढ़ रहा है और पानी की मांग भी चरम पर है। घरों में पेयजल सप्लाई नहीं होने से वार्डवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत की लापरवाही के कारण ही ऐसी स्थिति उत्पन्न हुआ है। लोगों का कहना है कि न तो समय पर पाइपलाइन की मरम्मत की जाती है और न ही पानी सप्लाई की कोई ठोस व्यवस्था है जिससे अब इस भीषण गर्मी में वार्ड के लोग पेयजल की सुविधा से वंचित है।



अनुपयोगी पानी टंकी।

### लोगों की पेयजल सप्लाई की मांग

नगर के वार्ड क्रमांक 7 में पिछले पांच दिनों से पेयजल सप्लाई बंद है। ऐसे में लोग किसी तरह दूसरे वार्ड या आसपास क्षेत्र से निस्तारण सहित पेयजल की व्यवस्था कर काम चला रहे है। ऐसा नहीं है कि वार्डवासियों ने पेयजल सप्लाई ठप होने की शिकायत नगर पंचायत में नहीं की है बावजूद इसके आज तक घरों में पानी की सप्लाई हो इसे लेकर किसी प्रकार की पहल नहीं की गई। ऐसे में लोगों में आक्रोश है। वार्डवासियों ने पानी टंकी से पेयजल सप्लाई किए जाने की मांग की है जिससे इसी भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

### आंदोलन की चेतावनी

लोगों का कहना है कि केवल पेयजल ही नहीं, बल्कि नगर पंचायत में सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। वार्डवासियों का आरोप है कि समस्याओं की जानकारी देने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि पेयजल बड़ी समस्या होने के बावजूद कोई समाधान नहीं किया गया। स्थिति यह है कि अब वार्डवासी केवल आश्वासनों से संतुष्ट नहीं हैं। वार्डवासी जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है। यदि समय रहते समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो वार्ड वासियों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### लटोरी बस स्टैंड स्थित नाली निर्माण कार्य के दौरान पानी सप्लाई लाइन

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत लटोरी के बस स्टैंड समीप कराए जा रहे लापरवाहीपूर्ण नाली निर्माण कार्य से गांव में पानी की किल्लत हो गई है। यहां पर नाली निर्माण के दौरान की गई अव्यवस्थित खुदाई में जल जीवन मिशन की मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है।गौरतलब है जल जीवन मिशन अंतर्गत सरकार द्वारा कई करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि खर्च कर आम लोगों का जीवन सुखद बनाने की कोशिश की गई है, लेकिन जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और बयां कर रही है,लटोरी बस स्टैंड समीप पाइपलाइन टूटते ही गांव में जल आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई और अब हालात यह हैं कि लोग भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। अप्रैल की झुलसा देने वाली गर्मी में जहां तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं पानी की कमी ने ग्रामीणों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। सुबह होते ही गांव की महिलाएं और बच्चे बर्तन लेकर पानी की तलाश में निकल पड़ते हैं।कुछ ग्रामीण हैंडपंप की लंबी कतार में खड़ा होने विवश हैं, तो कोई दूर-दराज के कुओं और नलकूपों से पानी ढोने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहले घर-घर नल से पानी मिल रहा था, लेकिन पाइपलाइन टूटने के बाद से पूरा सिस्टम बंद हो गया है। लोगों का आरोप है कि नाली निर्माण कार्य बिना किसी तकनीकी मार्गदर्शन और समुचित सर्वे के शुरू कर दिया गया। भूमिगत पाइपलाइन की जानकारी लिए बिना ही मशीनों से खुदाई कर दी गई, जिसका खामियाजा अब पूरे गांव को भुगतना पड़ रहा है। पेयजल संकट से त्रस्त ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप तत्काल पाइपलाइन की मरम्मत, जल आपूर्ति बहाल करने और नाली निर्माण कार्य को तकनीकी मानकों के अनुसार कराने की मांग की है।



### पाइप लाइन में तकनीकी खराबी

वार्ड क्रमांक 7 में पेयजल सप्लाई नहीं हो पा रहा है। पाइपलाइन में तकनीकी समस्या के कारण पानी टंकी तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। मै अभी रायपुर में हूं। फोन के माध्यम से कर्मचारियों को तत्काल समस्या के समाधान करने के निर्देशित किया जाएगा।

**-यूसीप्रिया एक्का,** सीएमओ प्रतापपुर

## दर्जनों टोलों के विद्युतीकरण को मंजूरी

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों के समग्र विकास को नई गति मिल रही है। इसी क्रम में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से जिले के वनांचल क्षेत्रों में बिजली पहुंचाने की दिशा में बड़ी पहल साकार हुई है। भटगांव विधानसभा क्षेत्र के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के दर्जनों गांवों और आश्रित टोलों के विद्युतीकरण के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा तकनीकी स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्य आदेश जारी कर दिए गए हैं।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े की पहल पर कोल्हुआ, महुली, करोटी, चोंगा सहित कई ग्राम पंचायतों के विभिन्न टोलों में विद्युतीकरण कार्य स्वीकृत हुआ है। इसके अंतर्गत स्कूलपारा, हरिजनपारा, पांडोपारा, खासपारा, पहाड़पारा, मधवानीपारा, आमपारा और श्यामपारा जैसे क्षेत्रों में पहली बार नियमित विद्युत सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही कछवारी, खैरा, नवडीहा और कछिया जैसे अन्य क्षेत्रों को भी इस योजना में शामिल किया गया है। सीएसपीडीसीएल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सभी कार्यों को प्रारंभ होने के तीन माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परियोजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता को सौंपी गई है, ताकि समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित हो सके। वनांचल क्षेत्रों के ग्रामीणों की यह लंबे समय से प्रमुख मांग रही है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इसे प्राथमिकता में रखते हुए लगातार विभागीय स्तर पर समन्वय किया, जिसके परिणामस्वरूप करोड़ों रुपये की लागत से 28 से अधिक विद्युतीकरण कार्यों को मंजूरी मिली।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंच रही है।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम नान दमाली लोटना नदी घाट पर ऑटो चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पूटा खर्राडांड़ निवासी देव नारायण पंडो आ. वातन पंडो (32 वर्ष) सोमवार की शाम किसी काम के सिलसिले में बाइक से शहर की ओर आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम नान दमाली लोटना नदी घाट पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो के चालक उमेश ने टक्कर मार दी जिससे गंभीर चोट लगने से बाइक सवार मौके पर ही अचेत हो गया। इधर घटना की जानकारी लगते ही चचेरा भाई सुरेश पंडो तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल को दरिमा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## एसजीजीयू कार्य परिषद की बैठक में 25 नए विषयों को प्रारम्भ करने की स्वीकृति, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कार्य परिषद की 94 वीं बैठक कालीदास विद्यापुरम भकुरा के विज्ञान संकाय भवन में कुलपति प्रो. राजेंद्र लाकपाले की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में विश्वविद्यालय की वर्तमान दिशा और दशा के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श करने के साथ ही भविष्य की कार्य योजना का निर्धारण किया गया ।

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षण विभाग द्वारा संचालित दो विषयो प्रयोजनमूलक हिंदी तथा लीगल स्टडी (विधिक अध्ययन) को विद्या परिषद के द्वारा की गई सिफारिश को स्वीकार करते हुए क्रमश हिंदी विभाग और विधि विभाग के नाम को मंजूरी प्रदान की गई ।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मंशा अनुरुप बहुविषय शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवीन शैक्षणिक सत्र में 25 नवीन विषयों के संचालन को मंजूरी दी गई जिसमें परफॉर्मिंग आर्ट, हिंदू अध्ययन ,खाद्य प्रसंस्करण, आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस, इको टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट एवं रुरल टेक्नोलॉजी विषय के माध्यम से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न 40 प्रकार के प्रशिक्षण जो तीन माह,छह माह एवं अधिकतम एक वर्ष के सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किया जायेगा। इन विषयों में अध्ययनरत युवा सरलता से रोजगार प्राप्त कर सकेगे एवं स्वरोजगार स्थापित भी कर सकेगे ।कार्य परिषद ने ऐसे पाठ्यक्रमों को संचालित करने पर प्रसंशा व्यक्त की एवं स्वीकृति प्रदान की । कार्य परिषद के सदस्यों में दिल्ली विश्वविद्यालय में हिन्दू विभाग में प्रोफेसर डॉ चन्दन कुमार, रांची से बिनोद सरावगी एवं इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में पूर्व संचालक अनुसंधान सेवाएं डा.जे.एस.उरकुरकर ने नए पाठ्यक्रमों पर संतोष व्यक्त किया साथ ही अधोसंरचना की अपूर्णता पर चिंता जताई। विश्वविद्यालय पहाड़ी क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहां पर पेयजल की समस्या बनी रहती है परंतु विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में चार ऐसे स्थान खोजें गये है जहां से प्राकृतिक रूप से पानी का निरन्तर रीसाव होता रहता है।इसे स्थानीय भाषा में ढोढी कहते हैं।इन प्राकृतिक श्रोतों पर जल भण्डारण संरचना का निर्माण कर जल आपूर्ति किया जाना सम्भव हो सकेगा। इसकी पहल के लिए कार्य परिषद सदस्य एवं उद्यमी कान्त दुबेने इसके लिए हर सम्भव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है। कार्य परिषद ने वर्तमान परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और समय सीमा के अन्दर परीक्षा परिणाम घोषित करने हेतु विश्वविद्यालय की उत्तर पुस्तिकाओं का का मूल्यांकन ऑनलाइन डिजिटल प्रणाली के माध्यम से शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कार्य परिषद के सदस्यों ने विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे जिससे विश्वविद्यालय के विकास में एक नई दिशा मिल सके। कुल सचिव एवं कार्य परिषद के सचिव डॉ इस पी त्रिपाठी ने एजेंडा का प्रस्तुतिकरण किया।बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के अपर संचालक रिजवान उल्ला , सम्भागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा पंचराम महादेवा, समाजसेवी रामलखन सिंह पैंकरा, संकायाध्यक्ष अंग्रेजी डा. एस. एन पाण्डेय, डॉ अंजन, डॉ श्रद्धा मिश्रा, डॉ अमरेंद्र, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अकादमिक डॉ पीयूष कुमार पाण्डेय उपस्थित थे।



कार्य परिषद की बैठक में शामिल अधिकारी।

## चेकडेम ग्रामीणों के लिए आत्मनिर्भरता की खोल रहा नई राह

**राजपुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चन्द्रगढ़ के कोरोना नाला में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत निर्मित हो रहा चेकडेम ग्रामीणों के लिए आत्मनिर्भरता की नई राह खोल रहा है। यह परियोजना जल संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सृजन और खेती-किसानी में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रही है। चेकडैम का निर्माण कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग की निगरानी में किया जा रहा है।

कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में ग्रामीणों के सक्रिय सहयोग से यह कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। चेकडेम बनने से वर्षा जल का संरक्षण होगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि होगी और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। इस परियोजना से सीधे तौर पर कई किसानों को लाभ मिल रहा है। इनमें सुन्दर लाल, हरिप्रसाद, बुधराम, जगत राम, कृष्णा राम, जद्दू राम, शंकर, लाल साय, रामचरण और चितरंजन प्रमुख हैं। इसके अलावा आसपास के 20 से 25 अन्य किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। ग्रामीणों का कहना है कि पहले पानी की कमी के कारण सिंचाई में काफी दिक्कत होती थी, जिससे फसल उत्पादन प्रभावित होता था। लेकिन चेकडेम बनने के बाद यह समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। अब किसान मक्का, गेहूं, सरसों, धान, अरहर और उड़द जैसी पारंपरिक फसलों के साथ-साथ परवल, भिंडी, बरबटी और मटर जैसी सब्जियों का उत्पादन भी आसानी से कर सकेंगे। ग्रामीणों का मानना है कि यह चेकडेम न केवल जल संरक्षण का प्रभावी साधन है, बल्कि इससे उनकी आय में वृद्धि होगी और गांव की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। मनरेगा के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने से ग्रामीणों को अपने ही गांव में काम उपलब्ध हो रहा है, जिससे पलायन की समस्या में भी कमी आने की उम्मीद है।





ज्ञापन सौंपते बजरंग दल के कार्यकर्ता व ग्रामीण।

## महिला मोर्चा ने कांग्रेस और विपक्षी दलों का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा एवं विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का विरोध करने पर भाजयुमो एवं भाजपा महिला मोर्चा ने जिले में विपक्षी नेताओं व विपक्षी दलो का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नूतन विश्वास के नेतृत्व में विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं राहुल गांधी, सोनिया गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी और असदुद्दीन ओवैसी की शव यात्रा निकाली गई। यह शव यात्रा पुराना विश्राम गृह से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक तक पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने विपक्षी नेताओं का पुतला दहन किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता ने कहा कि जहां एक ओर प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं को नेतृत्व देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, वहीं कांग्रेस और उसके सहयोगी दल मातृशक्ति को केवल वोट बैंक समझते हैं। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नूतन विश्वास ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने वाला था, जिसे रोकने का प्रयास कर विपक्ष ने देश की करोड़ों महिलाओं का अपमान किया है। इस दौरान चंद्रमणि पैकरा, किरण खेश, स्वाति सिंह, देवंती साहू, रश्मि सोनी, रोशनी सोनी, सुमित्रा राजवाड़े, नीरू गुप्ता, पूजा गुप्ता, नंद कुमारी, सीता जायसवाल, सुमित्रा राजवाड़े, हेमलता जायसवाल, किस्मतिया देवांगन, सुखमन, बबली, शांति, तुलेश्वरी, सीता, वंदना, पूजा, दुर्गावती, सरोज, कविता, वर्मिला, संतोषी, नितिन गुप्ता, सुधा साहू, पार्वती साहू, दुर्गा, अनीता, नीरू, तारा, सीमा, पुष्पा, मानती, सविता, बबीता, बॉबी राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, रितेश गुप्ता, संत सिंह, संदीप अग्रवाल, रामेश्वरम तिवारी, शैलेश अग्रवाल, संजू सोनी, पंकज चौबे, छोटू, मुकेश साहू, दीक्षित वर्मा, विकास अग्रवाल, धर्म सोनी, हर्ष गुप्ता, बंटी ठाकुर, हेमंत बैगा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ओपीएस में 15 दिवसीय समर कैम्प शुरू



**अम्बिकापुर।** शहर के ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप के पहले ही दिन विद्यालय परिसर में 93 बच्चों का जोश और उत्साह देखने को मिला।

समर कैंप अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं कौशल विकास गतिविधियों का आयोजन किया गया है। इसमें खेल प्रशिक्षण, तैराकी, नृत्य, कला तथा संगीत जैसी गतिविधियां प्रमुख रूप से शामिल हैं। अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए नई-नई विधाओं को सीख रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रीष्मावकाश के दौरान रचनात्मक, स्वस्थ और आनंदमय वातावरण प्रदान करना है, जिससे वे पढ़ाई के साथ-साथ खेल, कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा को निखार सकें। कैम्प के संचालन में विद्यालय के व्यायाम शिक्षक अनिल बर्नवाल, योगेश कुशवाहा, प्रभाकर स्वाईं, मृणाल मेहता, अंजलि मिंज, अंजलि राजवाड़े, बुशरा अंसारी एवं अल्फिया शाद के साथ संगीत शिक्षक शान्तनु कुमार का अहम योगदान है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल के शिक्षक को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

- जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बतौली के ग्राम सरमना जंगल में युवती के साथ पकडाये स्वामी आत्मानन्द स्कूल के शिक्षक पर निलंबन की कार्रवाई की मांग को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने डीईओ को ज्ञापन सौंपा।

जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार झा को सौंपे ज्ञापन विजय यादव, भूपेंद्र गुप्ता, मोनू तिवारी, सुमित उपाध्याय ने अवगत कराया कि शिक्षक अपनी अमर्यादित आचरण से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की प्रतिष्ठा को ही दांव में लगा दिया और अपनी हरकतों से शिक्षा जगत भी शर्मसार किया है। ऐसे में शिक्षक के रवैया को देख अब अभिभावक भी अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे है। ज्ञापन में बताया गया है कि शिक्षक शराब के नशे में धुत होकर 20 अप्रैल को ग्राम पंचायत सरमना के लंकाडांड जंगल में युवती के साथ कार से ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया जहां सबूत के लिए ग्रामीणों द्वारा शिक्षक व युवती का वीडियो भी बनाया गया है। 1 बजे रात में युवती के साथ जंगल में एक साथ पाया जाना संदिग्ध है। शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में जिल शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार झा ने बताया कि शिक्षक मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है जांच हेतु चार सदस्यों का गठन किया गया है। जांच उपरांत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में राणा के साथ नजर आएंगे अक्षय

**मुंबई।** बॉलीवुड के एक्टर अक्षय कुमार 'भूत बंगला' की कामयाबी से खुश हैं। खबरें हैं कि वह जल्द ही एक बड़े बजट की हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में काम करने वाले हैं। उनके साथ साउथ के कलाकार राणा दग्गुबाती होंगे। इस प्रोजेक्ट को लेकर अभी से काफी चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म के निर्देशक चंदू मोंडेती होंगे। राणा दग्गुबाती एक महत्वाकांक्षी हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में लीड रोल निभाएंगे। इसकी कहानी उज्जैन के रहस्यमयी बैकग्राउंड पर आधारित होगी। इस फिल्म की कास्ट में अक्षय कुमार भी शामिल हो गए हैं। मेकर्स ने एक बड़ा सरप्राइज भी छिपाकर रखा है। इस बड़े प्रोजेक्ट को करण जौहर का धर्मा प्रोडक्शंस सपोर्ट कर रहा है।

लाइफ Style

# कृतिका

## मुझे किसी पर डिपेंड होने की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृतिका कामरा ने कॅरियर की शुरुआत टीवी सीरियल से की थी, वह टीवी की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक थीं, लेकिन अचानक ही सब कुछ छोड़ दिया। टीवी से फिल्मों और वेब सीरीज की तरफ रुख किया। धीरे-धीरे वह यहां भी अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं।

हालिया रिलीज सीरीज मटका किंग में वह विजय वर्मा के अपोजिट नजर आईं। साथ ही टीवी प्रेजेंटर गौरव कपूर से की गई उनकी सादगी भरी शादी भी खूब चर्चा में रही। अपने लाइफपार्टनर गौरव कपूर के बारे में कृतिका कहती हैं, 'अब मैं अपने आप को ज्यादा फ्री महसूस करती हूं। मैं लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरने के लिए फैसले नहीं लेती हूं। मैं अपनी कंपनी एंज्वॉय करती हूं। मैं इमोशनली और फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट हूं। मुझे किसी पर डिपेंड होने की जरूरत नहीं है। गौरव भी मेरी तरह के इंसान हैं, वो भी सेल्फ मेड हैं। उन्होंने बहुत कम उम्र में काम करना शुरू किया और अपनी लाइफ खुद बनाई। वो मेरी जर्नी को समझते हैं। हम दोनों अपने अपने तरीके से इंडिपेंडेंट लोग हैं और अब एक हो गए हैं। अभी शादी को एक महीना ही हुआ है, लेकिन ऐसा नहीं लगा कि बहुत कुछ बदल गया है। मैं जो जिम्मेदारियां पहले निभा रही थीं, वहीं हम दोनों मिलकर निभा रहे हैं।' अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कृतिका बताती हैं, 'मैं एक छोटे शहर से आती हूं, जहां दूर-दूर तक किसी का एक्टिंग या फिल्मी दुनिया से कोई लेना-देना नहीं था। मेरी मम्मी प्रिंसिपल हैं और पापा डॉक्टर हैं।



हॉलीवुड मसाला



## इंडिया में परफॉर्म करेंगे मशहूर रैपर

**लॉस एंजिल्स।** म्यूजिक लवर्स के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। मशहूर रैपर कान्ये वेस्ट अब जल्द ही भारत में परफॉर्म करने वाले हैं। रैपर कान्ये वेस्ट कई देशों में अपने कॉन्सर्ट करते हैं और वहां परफॉर्म करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कान्ये वेस्ट का इंडिया डेब्यू कॉन्सर्ट कन्फर्म हो गया है। पहले यह कॉन्सर्ट मार्च में होने वाला था, लेकिन कुछ अंतरराष्ट्रीय हालातों के चलते इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। अब नई तारीख के साथ यह शो फिर से तय कर दिया गया है।




## डेविल वियर्स प्राडा 2 में हटाया सिडनी का कैमियो

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में हॉलीवुड एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी का एक कैमियो भी था, जिसे फाइनल कट में हटा दिया गया है। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के जरिए मेरिल स्ट्रीप और ऐनी हैथवे 20 साल बाद बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगी। इस फिल्म में कई एक्टर्स, सिंगर ने छोटे-बड़े रोल किए हैं। एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी का भी फिल्म में कैमियो था, जिसे फाइनल एडिटिंग में हटा दिया गया है। सिडनी स्वीनी ने फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के लिए कुछ सीन्स शूट किए थे। इसमें वह अपना ही किरदार निभाने वाली थीं। इस सीन में एमिली ब्लंट का किरदार एमिली चार्लटन, सिडनी को स्टाइल करता हुआ दिखता है। लेकिन इस सीन को एडिटिंग के दौरान हटा दिया गया है। अब सिडनी फिल्म में कैमियो रोल में नजर नहीं आएंगी।



## शादी की 55वीं सालगिरह पत्नी पर लुटाया प्यार

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन ने बुधवार को अपनी पिंकी को शादी की सालगिरह पर शुभकामनाएं दी हैं। इस खास अवसर पर उन्होंने पत्नी पिंकी रोशन के लिए सोशल मीडिया पर एक खास नोट भी लिखा है। राकेश रोशन ने इंस्टाग्राम पर अपनी दो खास तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में राकेश अपनी पत्नी पिंकी के साथ एफिल टावर को निहारते नजर आ रहे हैं। इस पहली तस्वीर में दोनों के चेहरे नजर नहीं आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर में राकेश और पिंकी किसी खास जगह पर एक साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। फिल्म निर्माता राकेश रोशन ने इंस्टाग्राम पर पत्नी पिंकी के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'हमने शादी के 55 साल साथ बिताए हैं। अब भी हम एफिल टावर से ज्यादा मजबूती से खड़े हैं।



## मिर्जापुर- दू मूवी में दमदार कहानी

**मुंबई।** मिर्जापुर वेब सीरीज को लोगों से खूब प्यार मिला है। वेब सीरीज के तीन सीजन आ चुके हैं, और अब चौथा बन रहा है। हालांकि, सीजन 4 की रिलीज डेट का फिलहाल खुलासा नहीं है। इससे पहले मिर्जापुर द मूवी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसे 4 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है। मिर्जापुरः द मूवी में पुराने किरदारों के साथ नई कहानी, ज्यादा एक्शन और मजबूत महिला किरदार देखने को मिलेंगे, जो इस फिल्म को और खास बना सकते हैं। इस फिल्म में एक बार फिर पंकज त्रिपाठी (कालीन भैया), अली फजल (गुड्डू पंडित) और दिव्येंदु शर्मा (मुन्ना भैया) जैसे फेमस किरदार नजर आएंगे। इस बार फिल्म में फीमेल किरदारों को भी काफी मजबूत तरीके से दिखाया जाएगा।


टीवी मसाला



## क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में लौटने वाला है खतरनाक विलेन

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री का आइकॉनिक शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' एक बार फिर चर्चा में हैं। इसका नया सीजन भी फैंस के बीच उतना ही पॉपुलर है, जितना पहला सीजन था. जैसे-जैसे शो आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे पुराने किरदारों और उनसे जुड़ी खबरें सामने आ रही हैं। खास तौर पर आकाशदीप सैगल का नाम फिर से सुर्खियों में आ गया है, जिन्होंने पहले सीजन में अपने अलग अंदाज से दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी थी। आकाशदीप सैगल ने इसमें पहले अंश गुजराल का किरदार निभाया था, जिन्होंने एक खतरनाक और यादगार विलेन के रूप में पहचान बनाई। बाद में जब कहानी में उनके किरदार का अंत हो गया, तो उन्होंने उसी शो में एकलव्य गुजराल के रूप में वापसी की, जो अंश का बेटा था। एक ही शो में पिता और फिर बेटे का रोल निभाना टीवी की दुनिया में बहुत अनोखी बात मानी जाती हैं। अब जब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' भी दर्शकों के बीच बहुत पसंद किया जा रहा है, तो आकाशदीप ने भी इसके रिवाइवल को लेकर अपनी खुशी जाहिर की हैं। हालांकि, अभी तक ये साफ नहीं है कि वो नए सीजन में नजर आएंगे या नहीं। बता दें कि ये सीरियल एकता कपूर का सक्सेसफुल प्रोजेक्ट रहा है, जिसने एक दौर में टीवी की दुनिया पर राज किया था. इसने कई कलाकारों को पहचान दिलाई और घर-घर में अपनी खास जगह बनाई। अब इतने सालों बाद भी जब इसका नया सीजन रिलीज हुआ, तो ये दर्शकों की उम्मीदों पर खड़ी उतरी हैं।

## पार्थ ने सोशल मीडिया से लिया ब्रेक



**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी एक्टर पार्थ समथान इस वक्त गुस्से से आगबबूला हैं और उन्होंने सोशल मीडिया से ब्रेक ले लिया है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उनके साथ-साथ परिवार को भी टारगेट किया जा रहा है, काफी उल्टा-सीधा बोला जा रहा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें पता है कि इसके पीछे किसका हाथ है, पर वह नाम नहीं बताएंगे। पार्थ समथान का कहना है कि फर्जी और बोट अकाउंट्स के जरिए उन्हें ऑनलाइन हैरेसमेंट का शिकार बनाया गया। 35 वर्षीय पार्थ समथान ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट लिखा, जिसमें उन्होंने गुस्सा निकालते हुए ऐलान किया कि वह कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक ले रहे हैं। पार्थ ने बताया कि मौजूदा सिचुएशन ने उन्हें बुरी तरह प्रभावित किया है, जबकि वह पॉजिटिव और शांत रहने की काफी कोशिश कर रहे हैं। पार्थ समथान ने बताया कि कुछ लोग फेक अकाउंट के जरिए सोशल मीडिया पर उनके परिवार को टारगेट कर रहा है, उन्हें उल्टा-सीधा बोल रहे हैं।

## शेखर ने खोली फिल्म एकेडमी खुद तैयार किया एक्टिंग कोर्स



**नई दिल्ली।** एक्टर शेखर सुमन अब युवाओं को एक्टिंग सिखाएंगे। हाल ही में उन्होंने शेखर सुमन फिल्म एकेडमी लॉन्च की है। यह एक नया एक्टिंग इंस्टीट्यूट है, जिसका मकसद अगली पीढ़ी के कलाकारों और कहानीकारों को ट्रेनिंग देना है।शेखर सुमन अपनी फिल्म एकेडमी के बारे में कहते हैं, 'मेरे लिए यह एकेडमी सिर्फ एक इंस्टीट्यूट नहीं है। यह उस कला को कुछ वापस देने का एक बहुत ही निजी तरीका है, जिसने मुझे सब कुछ दिया है। इन वर्षों में एक्टिंग ने मुझे अनुशासन, कल्पनाशीलता, जीवन में मजबूत रहने के गुण सिखाए हैं। वह आगे कहते हैं, 'इस एकेडमी के लिए मैंने खुद एक्टिंग कोर्स डिजाइन किए हैं। इसके हर पहलू पर खुद नजर रखी है। मुझे उम्मीद है कि मैं यह सीख अगली पीढ़ी के एक्टर्स तक पहुंचा पाऊंगा। इस एकेडमी के जरिए मुझे उम्मीद है कि मैं कुछ ऐसा बना पाऊंगा जो सिर्फ ट्रेनिंग से कहीं बढ़कर हो और यहां आने वाले हर स्टूडेंट के लिए एक सच्ची क्रिएटिव जर्नी बन जाए।' इस फिल्म एकेडमी में शेखर के बेटे और एक्टर अध्ययन सुमन भी अहम भूमिका निभाएंगे। वह एकेडमी के संस्थापक और डायरेक्टर के तौर पर काम करेंगे। शेखर सुमन ने अपने चार दशक के कॅरियर में टीवी, फिल्म और ओटीटी पर खूब काम किया है। अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। पिछले साल वह संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी में नजर आए थे। साथ ही बतौर प्रोड्यूसर भी उन्होंने कुछ फिल्में बनाई हैं।

## लल्ला लल्ला लोरी ने बच्चों का बचपन बना दिया खास

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में बच्चों के लिए कई गाने बनाए गए। कई ऐसी लोरियां जिन्हें सुने बिना बच्चों को नींद नहीं आती है। फिल्मों में इन गीतों की अलग जगह है। वहीं, असल जिंदगी में ये गाने बेहद खास बने हुए हैं। एक ऐसा ही गाना है 'लल्ला लल्ला लोरी'। बचपन से लेकर अभी तक इस गाने के कई वर्जन आपने सुने होंगे। अब तो बच्चों को एंटरटेन करने के लिए इस गाने पर कई कार्टून वाले वीडियो मौजूद हैं। लेकिन, क्या 'लल्ला लल्ला लोरी' लोरी लिखने वाले गीतकार के बारे में जानते हैं? फिल्म में इस गाने को दो अलग तरह से इस्तेमाल किया गया और दोनों ही वर्जन बेहद खास है।



### दूध में बताशा, जीवन खेल तमाशा

1977 में फिल्म आई थी मुक्ति। इस फिल्म में शशि कपूर, संजीव कुमार और विद्या सिन्हा जैसे एक्टर्स लीड रोल नजर आए थे। फिल्म के पहले भाग में एक पिता अपनी बेटी पिंकी के लिए गाना गाता है 'लल्ला लल्ला लोरी दूध की कटोरी, दूध में बताशा मुन्नी करे तमाशा'। वहीं, फिल्म के दूसरे भाग में कहानी एक दुखी मोड़ दे गुजर रही होती है। इसलिए, इस गाने का दुखद वर्जन सुनाया जाता है जिसके लिरिक्स कुछ बदल जाते हैं। दूसरे भाग में सुनाया गया ये गाना होता है ''लल्ला लल्ला लोरी दूध की कटोरी, दूध में बताशा, जीवन खेल तमाशा'।

### हर बच्चों की याद बना ये गाना

फिल्म में शशि कपूर के लिए गाया गया ये गाना मुकेश की आवाज में रिकॉर्ड हुआ था और इसका सैड वर्जन लता मंगेशकर ने गाया था। आज भी जब माएं अपने बच्चों को सुलाने की कोशिश करती हैं तो इसी गाने लो लूप पर चला देती हैं। 70 के दशक के बाद के हर बच्चे के लिए ये गाना खास याद है। इस गाने को सुनकर बच्चे बड़े हुए। इस गाने को लिखने वाले गीतकार हैं आनंद बक्शी और म्यूजिक दिया था आरडी बर्मन ने।

### आनंद बक्शी के बच्चों के लिए गीत

आनंद बक्शी ने बच्चों के लिए कई यादगार गाने लिखे। उनकी इस लिस्ट में रोते रोते हंसना सीखो, मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, तू कितनी अच्छी है, रे मा मा रे मा मा रे, चंदा मामा से प्यारा जैसे गाने शामिल हैं। इसके अलावा आनंद बक्शी ने हिंदी फिल्मों में 50 के दशक से लेकर 90 के दशक तक काम किया। उन्होंने इस दौर के सभी बड़े कलाकारों के लिए गाने लिखे। उनके लिखों इन गीतों ने ऑडियंस के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई। आज भी ये गाने सुने और पसंद किए जाते हैं।

## कहीं हुआ था पूरे परिवार का मर्डर तो कहीं भटकती आत्मा

# हॉलीवुड की सबसे डरावनी फिल्में सच्ची घटनाओं पर बेस्ड

***नई दिल्ली।** फिल्मों की दुनिया में हॉरर कहानियां लोगों को काफी पसंद आती हैं। अक्सर ये फिल्में काल्पनिक होती हैं, जिसमें एक ऐसी भयावह दुनिया की झलक होती है, जिसके बारे में अक्सर हमने पढ़ा या सुना होता है। हालांकि, हॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जो सच्ची घटनाओं पर बेस्ड रही हैं। फिल्म को लेकर दर्शकों में खौफ का पारा तब ऊपर चला जाता है जब स्क्रीन पर लिखा नजर आता है- सच्ची घटनाओं से प्रेरित।और जब ऐसी घटनाओं पर फिल्में बनती हैं तो बिना वीएफएक्स, बिना स्पेशल इफेक्ट्स के भी लोग इसलिए खिंचे चले आते हैं, क्योंकि सच्ची घटनाओं से जुड़ी हैं। वे जानते हैं कि ये फिल्म किसी की कल्पना से उपजी कोई भी कहानी नहीं है, जिसे जबरदन भयावह बनाने की कोशिश की गई हो।*

**द कंज्यूरिंग (2013) :** प्रोविडेंस जर्नल के मुताबिक, ये फिल्म 'द कंज्यूरिंग' 1971 में रोड आइलैंड के राउंड टॉप रोड पर एक फार्महाउस में रहने आए रोजर और कैरोलिन पेरॉन की कहानी है। ये फिल्म इनकी रियल लाइफ अनुभवों पर बेस्ड है जिन्हें फार्महाउस में कुछ पैरानॉर्मल घटनाओं को महसूस किया। उन्होंने इसकी सूचना पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर एड और लॉरेन वॉरेन को दी और वे उनके घर पहुंचे। जेम्स वान द्वारा निर्देशित और पैट्रिक विल्सन और वेरा फार्मिंगा स्टारर यह फिल्म इतनी खूबसूरती से डर और भय का माहौल बनाती है, जिससे हर डरावना सीन बिल्कुल रियल और प्रभावी लगता है।

**द एमिटीविल हॉरर (1979) :** ये फिल्म न्यूयॉर्क में पूरे परिवार की गोली मारकर हत्या की कहानी पर बेस्ड है। एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, 13 नवंबर 1974 को रोनाल्ड डेफियो जूनियर ने न्यूयॉर्क के एमिटीविले में 112 ओशन एवेन्यू स्थित अपने घर में अपने पूरे परिवार की गोली मारकर हत्या कर दी। बाद में उसने दावा किया कि उसे कुछ आवाजें सुनाई दे रही थीं जो उसे ऐसा करने के लिए कह रही थीं। एक साल बाद, जॉर्ज और कैथलीन लुट्ज़ अपने तीन बच्चों के साथ उस घर में रहने आए और उन्होंने इतनी भयानक भुतहा गतिविधियों की शिकायत की कि एक महीने बाद ही वे आधी रात को घर छोड़कर भाग निकले। जेम्स ब्रोलिन और मार्गोट किडर इस फिल्म में लीड रोल में नजर आए।



**एनाबेल (2014) :** ऑल दैट्स इंटरेस्टिंग की रिपोर्ट्स के मुताबिक, असली एनाबेल कोई चीनी मिट्टी की गुड़िया नहीं बल्कि एक रैगडी ऐन (रैगडी ऐन कपड़े की एक अमेरिकी गुड़िया है जिसे जॉनी ग्रुएल ने 1915 में बनाया था और 1918 की एक कहानी की किताब में पेश किया गया था।बचपन की मासूमियत, पुरानी यादों और सुकून का प्रतीक माना जाका है इसे)। अब 'एनाबेल' की असली कहानी को दो युवतियों ने एड और लॉरेन वॉरेन के ध्यान में लाया था। उनका कहना था कि इसमें एक दयालु बच्चे की आत्मा है, लेकिन वॉरेन कपल को समझ आया कि ये आत्मा एक मानव शरीर की तलाश कर रही थी। भूत-प्रेत भगाने की प्रक्रिया शुरू की गई और गुड़िया को कनेक्टिकट में वॉरेन के गुप्त म्यूजियम में ले जाया गया, जहां वो आज तक बंद है।

***द एक्सोरसिस्ट (1973) :** ये कहानी 1949 की है, जिसमें मैरीलैंड की एक छोटी सी लड़की पर भूत भगाने के की प्रक्रिया से जुड़ी है। इस केस को प्रीस्ट द्वारा डीटेल में रेकॉर्ड भी किया गया था लेकिन किसी ने इसपर संतोषजनक बात नहीं कही। फिल्म एक ऐसी युवती की कहानी है जो अचानक हिंसक रूप ले लेती है। डर और भय के कारण उसकी मां डॉक्टरों के चक्कर लगाने के बाद आखिरकार मदद लेने चर्च की ओर रुख करती हैं।*

***स्क्रीम (1996) :** पीपुल मैगजीन के मुताबिक, राइटक केविन विलियमसन को 'स्क्रीम' का विचार अगस्त 1990 में तब आया जब उन्हें भयानक गेन्सविले हत्याकांड के बारे में पता चला। इसमें डैनी रोलिंग, जिसे गेन्सविले रिपर के नाम से जाना जाता है ने कॉलेज के स्टूडे को निशाना बनाकर हत्याएं कीं। यह घटना पूरे देश में सनसनी बन गई। फिल्म एक छोटे से कस्बे में एक रहस्यमय हत्यारे द्वारा पीछा की जा रही एक किशोरी की कहानी है। वेस क्रेवन द्वारा निर्देशित और नेव कैंपबेल, कोर्टनी कॉक्स और डेविड आर्केट अभिनीत यह फिल्म अब तक की सबसे डरावनी फिल्मों में से एक बन गई।*

## खबर संक्षेप

### बच्चों को डांटने वाले शिक्षक की होगी जांच

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ विकासखंड में स्थित एकलव्य स्कूल में रहने वाले बच्चों को शिक्षक द्वारा बुरी तरह से डांटने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद धरमजयगढ़ विधायक ने कलेक्टर से इस मामले का संज्ञान लेने को कहा है। वही दूसरी ओर अजाक विभाग के सहायक आयुक्त ने भी स्कूल के प्राचार्य को जांच के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शासन ने भीषण गर्मी और बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए 20 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा की थी, किंतु धरमजयगढ़ स्थित एकलव्य स्कूल के बच्चों की छुट्टी अभी नहीं हुई है। ऐसे में स्कूल में बच्चों द्वारा खेल-खेल में हो हल्ला किया जा रहा था। जिससे आक्रोशित हो कर एक शिक्षक ने बच्चों को एक कमरे में बुलाया और उनके साथ अभद्रता करते हुए जमकर डांटने लगा। इसी बीच किसी ने शिक्षक की इस करतूत का वीडियो बना लिया जो अब वायरल हो रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने भी इस मामले में प्राचार्य और कलेक्टर को उचित कार्रवाई के लिए कहा। फिलहाल अजाक विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत दुबे के अनुसार इस मामले में प्राचार्य को जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच उपरांत उचित कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।

### पीएम इंटर्नशिप 3.0 के लिए आवेदन शुरू

**रायगढ़।** पीएम इंटर्नशिप 3.0 के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस योजना के अंतर्गत देश की प्रतिष्ठित कंपनियों जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड तथा नवरत्न कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड में विभिन्न तकनीकी पदों पर इंटर्नशिप के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। चयनित उम्मीदवारों को 9000 प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इस इंटर्नशिप के अंतर्गत फिटरए टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रिशियन, कोपा, रिंगर सहित कई पदों पर अवसर उपलब्ध हैं। 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने 10वीं, 12वीं, डिप्लोमा, डिग्री या आईटीआई उत्तीर्ण किया है, आवेदन कर सकते हैं। साथ ही अंतिम वर्ष में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थी भी इसके लिए पात्र हैं। आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में 24 अप्रैल तक विशेष पंजीयन एवं करियर काउंसलिंग शिविर आयोजित किया जा रहा है।

### 24 अप्रैल को रोजगार मेला का आयोजन

**रायगढ़।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायगढ़ में 24 अप्रैल को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा योग्य अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मेले में भाग लेने के लिए आवेदकों का ई-रोजगार पोर्टल में पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार मेले में प्रमुख कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शैक्षणिक संस्थानों ...

के निर्देश दिए। सभी दुकानदारों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि, वे शैक्षणिक संस्थानों से 100 गज की सीमा के बाहर ही अपने व्यवसाय का संचालन करें। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि स्कूलों एवं अन्य शैक्षणिक परिसरों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और भविष्य में कोटपा, 2003 की धारा 6(बी) उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी बताया गया कि, ऐसे प्रवर्तन अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे और औचक निरीक्षण के माध्यम से निरंतर निगरानी रखी जाएगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों, दुकानदारों एवं संबंधित संस्थानों से अपील की है कि वे कानून का पालन सुनिश्चित करें और तंबाकू मुक्त शैक्षणिक वातावरण के निर्माण में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

### हिट एंड रन मामलों के त्वरित निराकरण और कड़े प्रवर्तन पर जोर

# सड़क हादसे में मौत को लेकर चिंता 3 सप्ताह तक होगी सरप्राइज चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रभावी अमल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मयंक चतुर्वेदी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून व्यवस्था से जुड़े 16 महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं से हो रही असामयिक मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। दुर्घटनाओं के समय और कारणों का विश्लेषण करते हुए यह निर्णय लिया गया कि जिले में हेवी वाहनों कार एवं मोटरसाइकिल चालकों के विरुद्ध अलग अलग स्थानों पर लगातार तीन सप्ताह तक सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। विशेष रूप से नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने एजेंडा वार बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए ठोस रणनीति तय की और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। इसके लिए सामान्य प्रशासन, पुलिस, यातायात एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम गठित कर समन्वित रूप से कार्रवाई करने को कहा गया। हिट एंड रन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निराकरण पर जोर दिया गया। साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट के उल्लंघनों पर की जा रही कार्रवाई की तुलनात्मक समीक्षा कर उसे और तेज करने तथा व्यापक यातायात जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। यातायात प्रबंधन के तहत जिले में जारी प्रयासों की समीक्षा में बताया गया कि स्पीड रडार गन, इंटरसेप्टर वाहन, सतत पेट्रोलिंग और रोड सेफ्टी मानकों के पालन के माध्यम से नियम उल्लंघन पर प्रभावी नियंत्रण किया जा रहा है। चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर रंबल स्ट्रिप, संकेत बोर्ड, हाई मास्ट लाइट, सोलर ब्लिंकर एवं कन्वेक्स मिरर लगाने जैसे सुधार कार्य किए जा रहे हैं, जबकि शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। स्कूलों, कॉलेजों, नुक्कड़ नाटकों, मीडिया और रेडियो के माध्यम से लगातार जागरूकता अभियान भी संचालित किया जा रहा है। बैठक में नशामुक्ति अभियान की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नवजीवन व्यसन एवं पुनर्वास नशामुक्ति केंद्र, कोहाकुंडा में नशा पीड़ितों के उपचार और पुनर्वास का कार्य निरंतर जारी है। यहां निःशुल्क भोजन, आवास, स्वास्थ्य परीक्षण, योग, मनोरंजन और कौशल प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जोगीडीपा स्लम एरिया में 705 घरों का सर्वे कर नशा पीड़ितों के पुनर्वास हेतु कार्ययोजना पर अमल किया जा रहा है। पुलिस एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से थाना स्तर पर जनचौपालए कार्यशालाओं और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अभियान को और प्रभावी बनाया जा रहा है। मानस पोर्टल के हेल्पलाइन नंबर 1933 का व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। औद्योगिक सुरक्षा के मुद्दे पर भी बैठक में गंभीरता से चर्चा की गई। विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के निरीक्षण के दौरान श्रमिकों की सुरक्षाए स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियों की समीक्षा करते हुए गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल, ओआरएस, शेड, कूलर, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



बैठक लेते कलेक्टर और एसएसपी।

#### शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने की कवायद

जिले में विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अन्य समूहों द्वारा समय-समय पर धरना-प्रदर्शन, रैली, जुलूस एवं आंदोलन आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा पूर्व तैयारी और समन्वय स्थापित किया जाता है। आंदोलनों की संभावित रूपरेखा के आधार पर संबंधित संगठनों के पदाधिकारियों, शांति समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। इन बैठकों में साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने, यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचाव के उपायों पर विशेष चर्चा की जाती है। इसी कड़ी में जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन के लिए विशेष स्थान आरक्षित एवं चिन्हांकित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आयोजन व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकें और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस विभाग द्वारा प्रत्येक आयोजन का विश्लेषण कर रणनीति तैयार की जाती है, जिससे जिले में शांति और कानून व्यवस्था कायम रहे तथा यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे।




## आरक्षण रैली में महिला मोर्चा की 500 महिलाएं हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोकसभा विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कराने वाली मोदी सरकार के समर्थन में तथा कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम के खिलाफ राजधानी रायपुर में भाजपा महिला मोर्चा ने महिला आक्रोश रैली निकालकर जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया।

जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती मधुलता पटेल एवं जिला महामंत्री श्रीमती रेखा महमियां ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले से 500 से अधिक महिला कार्यकर्ता बसों व निजी वाहनों से सुबह 9 बजे रायपुर पहुंचीं। हाथों में तख्तियां, चेहरे पर आक्रोश और जुबां पर एक ही नारा था बहुत हुआ महिलाओ का अपमान, अब नहीं सहेगा हिंदुस्तान। इनडोर स्टेडियम से सुभाष स्टेडियम तक तक निकले कमल नाद और विरोध के स्वर ने कांग्रेस के चेहरे को बेनकाब कर दिया। रास्ते भर महिलाएं कांग्रेस का दोहरा चरित्र नहीं चलेगा, महिला बिल लटकाया किसने कांग्रेस ने मोदी है तो मुमकिन है के गगनभेदी नारे लगा रही थीं। रैली में आदिवासी वेशभूषा में आई महिलाएं स्वयं सहायता समूह की दीदियां, कॉलेज छात्राएं और वरिष्ठ मातृशक्ति एक साथ नजर आई।

### बीडीसी ने की स्वास्थ्य मंत्री से अस्पताल की मांग



**कोसीर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 07 के श्रीमती हेमा विश्वनाथ बसंत ने बीते फरवरी में जनपद क्षेत्र के गांव रक्सा एवं रिंवापार में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए मांग की थी। गांव से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की 5-6 दूरी के वजह से लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस विषय को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से उप स्वास्थ्य केंद्र की मांग रखी गई थी। जनपद सदस्य श्रीमती हेमा बसंत के प्रतिनिधि विश्वनाथ बसंत ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र की मांग पर जल्द खोले जाने की आश्वासन दिया गया हैं।

## निगम आयुक्त ने ट्रेनिंग कर रहे 400 कर्मचारियों को कराई डिजिटल स्वगणना

**16-30 अप्रैल तक स्व-गणना, 1 मई से होगा घर-घर सत्यापन**



**रायगढ़।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना की प्रक्रिया को गति देने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त सह प्रमुख जनगणना अधिकारी बृजेश सिंह क्षत्रिय ने स्वयं पहल करते हुए अपने चेंबर में मोबाइल के माध्यम से अपने परिवार की स्व-गणना पूरी की। इसके बाद वे सेंट जेवियर्स स्कूल पहुंचकर वहां जनगणना कार्य की ट्रेनिंग कर रहे 400 से ज्यादा कर्मचारियों को आनलाइन स्वगणना कराया। इस कदम के जरिए से उन्होंने शहर के प्रत्येक नागरिकों से डिजिटल माध्यम से इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

आयुक्त ने बताया कि स्व-गणना की यह व्यवस्था नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है, जिससे लोग घर बैठे ही आसानी से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होने के कारण पारदर्शिता, गति और सटीकता सुनिश्चित होती है। उन्होंने जानकारी दी कि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नागरिक आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से मोबाइल, कंप्यूटर या लैपटॉप से स्व-गणना फॉर्म भर सकते हैं। पोर्टल पर पूछे गए सभी प्रश्न सरल और सहज भाषा में उपलब्ध हैं, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। इसमें ज्यादातर प्रश्नों के उत्तर में टिक लगाना होगा। स्व-गणना प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रत्येक नागरिक को एक यूनिक स्व-गणना आईडी प्राप्त होगी, जो आगामी सत्यापन प्रक्रिया में उपयोगी होगी। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने आगे बताया कि स्व-गणना चरण के पश्चात 1 मई से 31 मई तक जनगणना कार्य में लगे कर्मचारी घर-घर जाकर दर्ज की गई जानकारी का सत्यापन करेंगे, जिससे जनगणना कार्य को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस दौरान उपायुक्त सह नगर जनगणना अधिकारी सुतीक्षण यादव उपस्थित रहे।

#### सक्रिय भागीदारी करें सुनिश्चित

ऑनलाइन डिजिटल स्वगणना पोर्टल लिंक पर सुबह 6 बजे से रात 12 तक ऑनलाइन स्वगणना भरा जा सकता है। पूरे प्रक्रिया के बाद इसे फाइनल सबमिट करना होगा। इसके बाद जिनका आनलाइन धर्म भरा गया है उनका एक विशेष रेफरेंस आईडी दी जाती है, जिसको सुरक्षित रखना होगा एवं डोर टू डोर सर्वे के दौरान पहुंचे कर्मचारियों को इसे दिखाना होगा। निगम आयुक्त श्री क्षत्रिय द्वारा सभी नागरिकों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और डिजिटल स्व-गणना प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है।

## आत्मानंद स्कूल में कार्यरत संविदा शिक्षकों की बैठक




**बरमकेला।** स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों की आवाज अब पूरे प्रदेश में एकजुट होती नजर आ रही है। इसी कड़ी में सारंगढ़ बिलाईगढ़, रायगढ़, जशपुर, बस्तर, बिलासपुर, रायपुर सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी रायपुर पहुंचे, जहां आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह मुद्दा अब किसी एक जिले तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के हजारों कर्मचारियों के भविष्य से जुड़ा एक गंभीर विषय बन चुका है।


रायपुर स्थित कर्मचारी भवन, शहीद भगत सिंह चौक, तेलीबांधा में छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ की एक महत्वपूर्ण एवं व्यापक प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव ने किया। बैठक में प्रदेश, संभाग एवं जिला स्तर के पदाधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुएए जिससे संगठन की मजबूती, एकजुटता और आगामी रणनीति की गंभीरता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने संघ के प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को विस्तार से सुना और कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों के समर्थन में फेडरेशन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने संगठन को एकजुट रहकर संवैधानिक तरीके से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की सलाह दी।

#### संगठन की एकजुटता पर दिया जोर

संघ के नेताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कर्मचारियों की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे व्यक्तिगत मतभेदों को भुलाकर संगठन के साथ जुड़ें और एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करें।

## कोतरा रोड में बह रही श्रीराम कथा की रसधार

**रायगढ़।** कोतरा रोड रायगढ़ में अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक रमेश भाई शुक्ला द्वारा रामकथा की भव्य एवं दिव्य अमृतमयी कथा की रस वर्षा की जा रही है। 15 अप्रेल से 23 अप्रेल तक कोतरा रोड रायगढ़ के रामपुरम कालोनी चुना भट्ठा के पास में संचालित श्री रामकथा में व्यासपीठ पर विराजे रमेश भाई शुक्ला द्वारा प्रतिदिन रामचरितमानस के बालकांड से लेकर उत्तरकांड के कथा प्रसंग को भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ रामकथा को अत्यंत ही सरस एवं तत्वात्मक विवेचना एवं संगीतमय प्रस्तुति से श्रद्धालु भक्तों को भावविभोर किया जा रहा है।



श्रीरामकथा के पंचम दिवस कथावाचक रमेश भाई शुक्ला द्वारा किष्किंधा कांड कथा की शुरुआत रामायण की आरती और हनुमान की वंदना के साथ करते हुए प्रथम चौपाई आगे चले बहुरि रघुराया रिष्यमुक पर्वत नियराया से कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कहा कि इस चौपाई का संदेश है जीवन में आगे बढ़ते रहने से हमे अपने मंजिल की प्राप्ति अवश्य होती है। रामचरित मानस के किष्किन्धाकाण्ड के हनुमान द्वारा विप्र रूप धारण कर राम लक्ष्मण को सुग्रीव तक ले जाने एवं राम व सुग्रीव की मित्रता य मित्रता के लिए आवश्यक तत्व य एक दुसरे के दुख के अवसर पर सहयोग करने य सुग्रीव सूर्य पुत्र अर्थात ज्ञान का प्रतीक, बाली अर्थात भोग का प्रतिक हनुमान साक्षत वैराग्य और राम को ईश्वर और सीता को भक्ति का रूप बताते हुए व्यास पीठ ने कहा कि ज्ञान पर्याप्त नहीं है।

## कलेक्टर ने किया शहरी क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण

- मुड़ा तालाब के पास 1 करोड़ का गार्डन निर्माण 15 मई तक पूरा करने के निर्देश



**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सारंगढ़ नगरपालिका शहरी क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का विभागीय अधिकारियों के साथ व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जमीनी स्तर पर कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को कड़ी फटकार लगाते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मुड़ा तालाब के पास लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे गार्डन स्थल पर पहुंचे।

उन्होंने निर्माण कार्य का बारीकी से अवलोकन किया और कार्य को हर हाल में 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि शहरी क्षेत्र के लोगों को फायदा मिल सके। इसके बाद कलेक्टर फूलझरिया पारा इंदिरा नगर पहुंचे, जहां जल जीवन मिशन के अंतर्गत बिछाई गई पाइपलाइन के बाद किए गए कंक्रीटीकरण कार्य की वास्तविक स्थिति जानने के लिए वे स्वयं अधिकारियों के साथ गलियों में पैदल निरीक्षण किए। इस दौरान कई स्थानों पर सड़क निर्माण में लापरवाही और गड्ढे पाए गए, जिस पर उन्होंने ठेकेदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क की ढलाई समान स्तर रोड लेवल पर की जाएए ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वार्ड क्रमांक 15 पैलपारा स्थित तिवारी तालाब के निरीक्षण के दौरान तालाब में गंदगी पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि तालाब का गंदा पानी तत्काल खाली कराकर उसका गहरीकरण कराया जाए, ताकि जल संरचना बेहतर हो सके इसके लिए नगरपालिका से प्रस्ताव मंगाया गया। नगरपालिका शहरी क्षेत्र के नवापारा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राही लूचरण जांगड़े के निर्माणाधीन आवास का भी निरीक्षण किया गया। यहां कार्य की धीमी गति पर कलेक्टर ने गड्ढा के बाद नींव, दीवाल, ढलाई कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## नव पदस्थ सीएमओ ने संभाली कमान, गौरवपथ में तेजी की आस

**चंद्रपुर।** नगर पंचायत चंद्रपुर को नया प्रशासनिक नेतृत्व मिल गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ के रूप में मोहनलाल विश्वकर्मा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले विश्वकर्मा नगर पालिका परिषद गौरेला में कार्यरत राजस्व विभाग का उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे।



स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से निर्माणाधीन गौरवपथ का कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर अधूरी नालियां, निर्माण सामग्री और अधूरा सड़क कार्य लोगों के लिए दिक्कत का कारण बना हुआ है। ऐसे में नए सीएमओ से जनता को खास उम्मीद है कि वे इस महत्वपूर्ण परियोजना को प्राथमिकता देते हुए इसकी रफ्तार बढ़ाएंगे और जल्द से जल्द निर्माण कार्य को पूर्ण करवाएंगे। साथ ही बरसात से पहले जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करना भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। सीएमवो साहब ने कहा कि निर्माणाधीन गौरवपथ में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए जाएंगे। मोहनलाल विश्वकर्मा के सामने नगर की बुनियादी सुविधाओं को सुधारने और विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने की जिम्मेदारी होगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त